हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2023

हाल ही में जारी किये गए [हेनले पासपोर्ट सूचकांक]() 2023 में भारतीय पासपोर्ट **वर्ष 2022 में 87वें स्थान की तुलना में सात पायदान चढ़कर 80वें स्थान** पर पहुँच गया है, जिससे इसके धारकों को 57 देशों में वीज़ा मुक्त यात्रा की सुविधा प्राप्त हो गई है।

हेनले पासपोर्ट सूचकांक:

- **परिचय**:
  - हेनले पासपोर्ट सूचकांक एक रैंकिंग प्रणाली है जो विश्व भर के सभी पासपोर्टों का मूल्यांकन उन**यात्रा स्थलों की संख्या के आधार पर करती है जहाँ उनके धारक पूर्व वीज़ा की आवश्यकता के बिना यात्रा कर** सकते हैं।
    - यह **सूचकांक 199 विभिन्न पासपोर्टों और 227 यात्रा स्थलों** को शामिल करता है।
  - इसे वैश्विक नागरिकता और निवास सलाहकार कंपनी **हेनले एंड पार्टनर्स** द्वारा संकलित और प्रकाशित किया गया है।

विगत कुछ वर्षों में भारत का पासपोर्ट प्रदर्शन:



[//]()

- **वैश्विक रैंकिंग और बदलाव:**
  - **शीर्ष स्थान:** सिंगापुर के पास अब विश्व का सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट है, जो अपने नागरिकों को**विश्व भर के 227 में से प्रभावशाली 192 यात्रा स्थलों तक वीज़ा-मुक्त पहुँच की सुविधा प्रदान** करता है।
    - **रिपोर्ट जारी होने के पहले पाँच वर्षों तक हेनले पासपोर्ट सूचकांक में जापान शीर्ष स्थान** पर था।
  - **उप विजेता: जर्मनी, इटली और स्पेन इस सूचकांक में दूसरे स्थान** पर हैं।

- **ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, फ्राँस, लक्ज़मबर्ग, दक्षिण कोरिया और स्वीडन के साथ जापान तीसरे स्थान पर है।**
  - **संयुक्त राज्य अमेरिका के स्थान में गिरावट:** पिछले एक दशक में इस सूचकांक में संयुक्त राज्य अमेरिका का स्थान गिरता चला गया है, वर्तमान आँकड़ों को देखे तो यह **दो स्थान गिरकर आठवें स्थान** पर आ गया है।
- **हेनले ओपननेस इंडेक्स:**
  - **परिचय**:
    - **हेनले एंड पार्टनर्स** ने **हेनले ओपननेस इंडेक्स** भी जारी किया है, इसके द्वारा यह आकलन किया जाता है कि **कोई देश कितने देशों को अपने देश में वीज़ा-मुक्त पहुँच की अनुमति** प्रदान करता है।
      - इस रैंकिंग में 97 देशों में से भारत 94वें स्थान पर है, जो **केवल चार देशों को वीज़ा-मुक्त पहुँच** की सुविधा प्रदान करता है।
    - **सर्वाधिक उदार देश: शीर्ष 20 'सबसे उदार' देशों में कंबोडिया** को छोड़कर मुख्य रूप से छोटे द्वीपीय राष्ट्र और अफ्रीकी राज्य शामिल हैं।
      - **असाधारण उदारता वाले देशों की संख्या 12 है, जो विश्व के सभी 198 पासपोर्टों (अपने पासपोर्टों को छोड़कर) को वीज़ा-मुक्त या वीज़ा-ऑन-अराइवल** प्रवेश प्रदान करते हैं।
    - ये देश हैं **बुरुंडी, कोमोरो द्वीप समूह, जिबूती, गिनी-बिसाऊ, मालदीव, माइक्रोनेशिया, मोज़ाम्बिक, रवांडा, समोआ, सेशेल्स, तिमोर-लेस्ते और तुवालु।**
      - **सबसे कम खुलेपन/उदारता वाले देश: अफगानिस्तान, उत्तर कोरिया, पापुआ न्यू गिनी और तुर्कमेनिस्तान** को हेनले ओपननेस इंडेक्स में सबसे नीचे स्थान पर रखा गया है क्योंकि ये देश किसी भी पासपोर्ट धारक के लिये वीज़ा-मुक्त पहुँच की अनुमति नहीं देते हैं।

वीज़ा-मुक्त प्रवेश बनाम आगमन पर वीज़ा:

- **वीज़ा-मुक्त प्रवेश**: वीज़ा-मुक्त प्रवेश का अर्थ है कि कुछ देशों के नागरिकों को **पहले से वीज़ा प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है, वे बिना वीज़ा** दूसरे देश में प्रवेश कर सकते हैं।
  - **उन्हें बिना वीज़ा के** आमतौर पर द्विपक्षीय समझौतों या अंतर्राष्ट्रीय संधियों द्वारा निर्धारित एक **निर्दिष्ट अवधि के** लिये वहाँ रहने की अनुमति दी जाती है।
- **आगमन पर वीज़ा**: आगमन पर वीज़ा का अर्थ है कि विशिष्ट देशों के यात्री अ**पने गंतव्य देश के हवाई अड्डे** या सीमा चौकी पर पहुँचने पर वीज़ा प्राप्त कर सकते हैं।

[स्रोत: द हिंदू]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/henley-passport-index-2023